प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन

19.10 मंगलवार दिनांक 29.07.2025

मुख्य समाचारः—

- संसद में जारी है ऑपरेशन सिंदूर पर विशेष चर्चा—प्रधानमंत्री ने कहा कि यह सत्र विजयोत्सव का सत्र है।

- राष्ट्रीय शिक्षा नीति को आज पूरे हुए पांच वर्ष—केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने कहा कि यह नीति भारतीय शिक्षा प्रणाली में एक परिवर्तनकारी पुनर्जागरण का प्रतिनिधित्व करती है।

- मानव तस्करी के आरोप में दुर्ग से गिरफ्तार दोनों ननों को आज जिला न्यायालय में पेश किया गया—इन्हें आठ अगस्त तक न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

- मौसम विभाग के अनुसार कल से प्रदेश में वर्षा की गतिविधियों में थोड़ी कमी आने की संभावना।

## ऑपरेशन सिंदूर–चर्चा

संसद के दोनों सदनों में ऑपरेशन सिंदूर पर विशेष चर्चा जारी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोकसभा में अपने संबोधन में कहा कि संसद का यह सत्र विजयोत्सव का सत्र है। उन्होंने कहा कि हमें अपने सैन्य बलों की क्षमता पर पूरा भरोसा है और सरकार की ओर से सेना को पूरी छूट दी गई है।

इससे पहले, लोकसभा में आज चर्चा में भाग लेते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि कल ऑपरेशन महादेव के दौरान भारतीय सेना, सीआरपीएफ और जम्मू–कश्मीर पुलिस ने पहलगाम आतंकवादी हमले में शामिल तीन आतंकवादियों को ढेर कर दिया।

ऑपरेशन महादेव कल एक हुआ है, इसकी जानकारी देना चाहता हूं। माननीय अध्यक्ष जी कल ऑपरेशन महादेव में सुलेमान उर्फ फैजल, अफगान और जिब्रान तीन आतंकवादी सेना सीआरपीएफ और जम्मू–कश्मीर पुलिस के संयुक्त अभियान में ऑपरेशन महादेव में मारे गए। माननीय अध्यक्ष जी ये जो सुलेमान है ये ए श्रेणी का लश्कर–ए–तैयबा का कमांडर था। पहलगाम हमले में और गगनगीर आतंकी हमले में वो लिप्त था।

श्री शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जवाबी कार्रवाई की और ऑपरेशन सिंदूर को सफलतापूर्वक पूरा किया। श्री शाह ने भारतीय सशस्त्र बलों की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने आतंकवादियों का सफाया किया।

## ऑपरेशन सिंदूर–चर्चा

इस बीच, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने ''ऑपरेशन महादेव'' के तहत पहलगाम आतंकी हमले में शामिल तीन आतंकवादियों को मार गिराने पर सुरक्षा बलों के शौर्य की सराहना की है। उन्होंने कहा कि सेना का यह ऑपरेशन मात्र एक कार्रवाई नहीं, बल्कि यह संदेश है उन सभी दुश्मनों को जो भारत की भूमि पर आतंकी मंसूबे लेकर आते हैं।

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति

राष्ट्रीय शिक्षा नीति को आज पांच वर्ष पूरे हो गए हैं। पिछले पांच वर्ष में इस नीति ने भारत में अधिक समावेशी, विद्यार्थी–केंद्रित और भविष्य अनुरूप शिक्षा प्रणाली की नींव रखी है। आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में अखिल भारतीय शिक्षा समागम को संबोधित करते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति, विश्व स्तरीय शिक्षा को सार्वभौमिक रूप से बढ़ावा देने के लिए तैयार की गई है। श्री प्रधान ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति, भारतीय शिक्षा प्रणाली में एक परिवर्तनकारी पुनर्जागरण का प्रतिनिधित्व करती है।

आज हमारे सामने लक्ष्य है 2047 विकसित भारत की ओर जाते हुए नेशनल मिशन के नाते एनईपी 2020 हमारी प्राथमिकता बनी हुई है। हमने आज एनईपी 2020 को क्लासरूम, कैम्पस और कम्युनिटीज तक पहुंचाने में सफल हुए हैं। यह केवल सुधार नहीं है, परंतु ये वैचारिक, बौद्धिक और सांस्कृतिक पुनर्जागृति का एक नया दार्शनिक दस्तावेज है।

अखिल भारतीय समग्र शिक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत देशभर के लगभग छह सौ चवालीस पीएमश्री विद्यालयों का उद्‌घाटन किया गया। इसमें दुर्ग जिले में स्थित पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय भी शामिल है। इस अवसर पर दुर्ग में आयोजित समारोह में विधायक गजेंद्र यादव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

केंद्रीय विद्यालय संगठन रायपुर संभाग के सहायक आयुक्त रवीन्द्र कुमार ने नई शिक्षा नीति को व्यावहारिक और समाज की आवश्यकताओं के अनुरूप बताया।

## माओवादी मुठभेड़

सुकमा जिले के गोगोंडा के जंगल में सुरक्षा बलों और माओवादियों के बीच कल से रूक–रूककर मुठभेड़ जारी है। अब तक मिली जानकारी के अनुसार इस मुठभेड़ में एक माओवादी मारा गया है। वहीं, माओवादियों द्वारा लगाए गए आईईडी की चपेट में आने से दो जवान घायल हुए हैं।

जिले के पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण और सीआरपीएफ के डीआईजी आनंद सिंह राजपुरोहित ने बताया कि इस अभियान में डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड–डीआरजी, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल–सीआरपीएफ और स्पेशल टास्क फोर्स–एसटीएफ के जवान शामिल हैं।

**ननन–न्यायिक रिमांड**

मानव तस्करी के आरोप में दुर्ग रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार दोनों ननों को आज दुर्ग जिला न्यायालय में पेश किया गया। दोनों की जमानत याचिका को कोर्ट ने खारिज कर दिया है। न्यायालय ने इसे गंभीर प्रकृति का आरोप मानते हुए आरोपियों को आठ अगस्त तक न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

इस बीच, धर्मांतरण और मानव तस्करी के मामले में दुर्ग सेंट्रल जेल में बंद  ननों से मिलने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी–एआईसीसी का एक प्रतिनिधिमंडल पहुंचा। मीडिया से चर्चा करते हुए प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि इस मामले की रिपोर्ट एआईसीसी को सौंपी जाएगी। इस मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू और दुर्ग शहर के पूर्व विधायक अरूण वोरा भी मौजूद थे।

गौरतलब है कि नारायणपुर जिले में धर्म परिवर्तन के नाम पर बालिकाओं को नर्स की ट्रेनिंग देने के बाद नौकरी लगाने का झांसा देने के आरोप में इन ननों को हाल ही में दुर्ग रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया गया था।

**कुआं–हादसा**

कोरबा जिले में कोडरी ग्राम पंचायत के बनवार गांव में भारी बारिश के चलते एक कुआं धंस गया। इसमें एक ही परिवार के तीन सदस्य दब गए हैं। कटघोरा के थाना प्रभारी धरम नारायण तिवारी ने आकाशवाणी समाचार को

बताया कि कुएं में लगाए गए मोटर पंप को निकालने के दौरान यह हादसा हुआ। उन्होंने बताया कि एसडीआरएफ की टीम राहत और बचाव कार्य में जुटी हुई है।

**स्कूल मरम्मत–राशि**

राज्य सरकार ने जांजगीर चांपा जिले के स्कूलों की मरम्मत, जीर्णोद्धार और आवश्यक निर्माण कार्यों के लिए दो करोड़ रुपये से अधिक की राशि स्वीकृत की है। वहीं, जिला खनिज संस्थान न्यास से बारह स्कूलों में अतिरिक्त कक्ष और आठ आंगनबाड़ी भवनों के लिए दो करोड़ नौ लाख रूपये की भी मंजूरी दी गई है।

इधर, कोरबा जिले के झाबर गांव में आज सुबह एक आंगनबाड़ी भवन की छत का हिस्सा गिर गया। घटना के समय संयोग से भवन में कोई नहीं था।

**नाग पंचमी**

नाग पंचमी का पर्व आज प्रदेशभर में पारंपरिक रूप से मनाया जा रहा है। इस मौके पर शहर से लेकर गांवों में नाग देवता की प्रतिमा बनाकर पूजा–अर्चना की गई। वहीं, कुश्ती और दंगल का भी आयोजन किया जा रहा है। राजधानी रायपुर के दंतेश्वरी अखाड़े में भी कुश्ती का आयोजन किया गया।

सक्ती जिले के कैथा गांव में नागपंचमी के अवसर पर बिरतिया बाबा के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। वहां नागपंचमी पर गांव में मेले का भी आयोजन किया जाता है।

वहीं, जांजगीर–चांपा जिले के दल्हापहाड़ में सूर्यकुंड दर्शन के लिए लोगों का तांता लगा हुआ है। यहां भी हर वर्ष नागपंचमी में मेले का आयोजन किया जाता है।

## अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस

आज अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस है। यह दिन बाघों के प्राकृतिक आवासों की सुरक्षा और दुनियाभर में उनके संरक्षण प्रयासों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से हर वर्ष उनतीस जुलाई को वैश्विक स्तर पर मनाया जाता है। इस अवसर पर केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने आज नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय प्राणी उद्यान में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने बताया कि देश में बाघ अभयारण्यों की संख्या बढ़कर अब अंठावन हो गई है।

## प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार–आवेदन

प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए इकतीस जुलाई तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। छत्तीसगढ़ सरकार ने नागरिकों, संस्थाओं, अभिभावकों और शिक्षकों से अपील की है कि वे अपने क्षेत्र के पांच से अट्ठारह वर्ष की आयु वाले उन बच्चों को इस सम्मान के लिए आवेदन कराएं, जिन्होंने बहादुरी, सामाजिक सेवा, पर्यावरण संरक्षण, खेल, कला–संस्कृति और विज्ञान–प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में असाधारण प्रदर्शन किया है। महिला और बाल विकास मंत्रालय ने जानकारी दी कि **"अवॉर्ड्स डॉट जीओवी डॉट इन"** पोर्टल के माध्यम से केवल ऑनलाइन नामांकन स्वीकार किए जाएंगे।

## मौसम

प्रदेश में कल अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज–चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। मौसम विभाग ने एक–दो स्थानों पर आकाशीय बिजली गिरने की चेतावनी दी है। मौसम विभाग के अनुसार सिस्टम के कमजोर पड़ने से अगले तीन दिनों तक प्रदेश में वर्षा की गतिविधियों में कमी आएगी।

<u>संक्षिप्त समाचार</u>

- मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में कल तीस जुलाई को सुबह ग्यारह बजे से मंत्रालय में राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक होगी।

- नीट–यूजी पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए राज्य स्तरीय काउंसिलिंग की प्रक्रिया आज से शुरू हो गई है। यह प्रक्रिया चार चरणों में ऑनलाइन होगी। राष्ट्रीय चिकित्सा परामर्श समिति द्वारा नीट–यूजी की अंतिम प्रवेश तिथि तीन अक्टूबर निर्धारित की गई है।

- खैरागढ़ स्थित रानी रश्मि देवी सिंह शासकीय महाविद्यालय में मूलभूत समस्याओं को लेकर कल भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन–एनएसयूआई ने प्रदर्शन किया। इसके बाद विद्यार्थियों ने कलेक्टोरेट पहुंचकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

- दुर्ग जिले की पुरानी भिलाई थाना क्षेत्र में खेत में लगे बिजली तार की चपेट में आने से बारह साल के एक बच्चे की मौत हो गई है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>